ऑस्ट्रेलियन स्टूडेंट्स ने किया इंडियन डांस

गुरुवार को डेली कॉलेज में ऑस्ट्रेलियन स्टूडेंट्स ने इंडियन ट्रेडिशनल डांस किए।

CULTURAL PROGRAMME

• सिटी रिपोर्टर इंदौर

ऑस्ट्रेलियन स्टूडेंट्स ने किया इंडियन ट्रेडिशनल डांस। गुरुवार को डेली कॉलेज ऑडिटोरियम में कल्चरल प्रोग्राम हुआ। राउंड स्क्वेअर एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत ऑस्ट्रेलिया से 16 स्टूडेंट्स डेली कॉलेज आए हैं। स्टूडेंट्स को इंडियन कल्चर से रूबरू कराने के लिए यह स्पेशल कल्चरल प्रोग्राम हुआ। डेली कॉलेज के स्टूडेंट्स और आइवन हो स्कूल, ऑस्ट्रेलियन स्टूडेंट्स ने मिलकर एक ग्रुप डांस किया। इसके साथ मूक बधिर संगठन के स्टूडेंट्स ने भी परफॉर्म किया। डेली कॉलेज के म्यूजिक टीचर मनोज बावरा ने सितार वादन प्रस्तुत किया। बांसुरीवादक प्रवीण शर्मा ने धुन सुनाई। इस मौके पर छंदक संस्था की तीन कलाकारों ने ओडिसी नृत्य किया। कथक नृत्य की प्रस्तुति संस्था नादयोग के स्टूडेंट्स ने दी। संचालन अविका पारेख ने किया।